P 111

SECOND TERMINAL EVALUATION 2011-12

CLASS-10 **TIME.90 MTS**

HINDI **SCORE-40**

---

1 यह कवितांश पढ़ें।

मैंने पूछा शहर में एक ग्रामीण से
आखिर क्यूँ जाते हो शहरों की ओर
प्रति उत्तर मिलता है –
गाँवों में न शिक्षा है न काम है,
प्रकृति भी नहीं देती साथ है,
पेट भरने की आशा व
नए समय के नए सपनों को
संजोने के लिए गाँव के लोग।।

1 गाँव छोड़कर शहर की ओर पलायन करने से अपनी सारी उम्मीदों की पूर्ति होती हैं क्या? अपना मत प्रकट करें। 1

2 कविता का भाव लिखें। 2

2 **जानवरों के प्रति अत्याचार रोकने का संदेश देते हुए पोस्टर तैयार करें।2**

"डौली पिल्लों को खोजती ही फिरी। आखिर मेहतर से उसे मालूम हो गया कि वे गरम पानी में डुबोकर मार डाले गए हैं।"

3 **इस प्रसंग पर डौली और आया के बीच का वार्तालाप तैयार करें।4**

4 **'आदमी का बच्चा' नामक कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।**

- डौली को घर में अकेलापन महसूस होती है।
- माली के बच्चे की मृत्यु से डौली दुखी होती है।
- डौली को माली के बच्चों के साथ खेलने से मना करती है।
- मैनेजर साहब के बच्चों के साथ डौली को खेलने भेजती है।
- डौली पिल्लों के साथ खेलना पसंद करती है।
- पिल्लों को गरम पानी में डुबोकर मरवा देते हैं। 3

5 निम्नांकित जीवन वृत्त पढ़ें और शकुंतला की जीवनी तैयार करें।

नाम	-	शकुंतला (सकुबाई)
पिता	-	तुकाराम जामड़े
माँ	-	लक्ष्मी
भाई-बहन	-	नितिन, वासंती
मातृभाषा	-	मराठी
पेशा	-	नौकरानी
शैक्षिक स्थिति	-	अनपढ़
परिवार	-	एक बेटी

4

6 "नई जीवन - शैली की वजह से हमारे देश में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है।"

आप की राय में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ने के क्या - क्या कारण हो सकते हैं? 2

7 उपन्यास का यह अंश पढ़ें।

"रोगियों को बचाने का काम न डॉक्टर का है, न दवाओं का, वह प्रभु क़ा है।" पूरा घंटा बीत गया। पर किसी को पता नहीं चला। देवदास को लगा कि एक आँधी उभरी और थम गई।

एनॉटमी हाल के अनुभव के बारे में देवदास ने अपनी डायरी में लिखा। डायरी का वह पन्ना लिखें। 4

8 कविता का यह अंश पढ़ें।

"गंदगी में लिपटे बच्चे को गोद में उठाकर चुप कराने की हिम्मत किसी में नहीं थी।"

अगर आप भी उस जगह होते तो क्या करते ? 2

9 यह अंश पढ़ें और अनुवाद करें।

आजकल व्यापार के क्षेत्र में भ्रष्टाचार चलतां है। दूध में पानी मिलाने से लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने तक होता है। ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ाकर ग्राहकों को फंसाते हैं। 3

10 **यह वार्तालाप पढ़ें, अंग्रेज़ी शब्द का हिंदी रूप लिखें।**

सुनिल - Manager साहब आए क्या ?

Clerk - क्या काम है ? बताइए।

सुनिल - मुझे एक नया Account खोलना है।

Clerk - यह Application form भरकर दीजिए। 2

11 **संशोधन करके लिखें।**

विद्यार्थी समाच में रहता है। उनका ज्ञान बडाने के लिए ऐसा सिनेमा बनाना छाहिए जो उनके चरित्र को ऊबर उठा सके। 2

12 **सही जोड़े बनाएँ।** 2

मुआ - दोनों

दोऊ - मेघ

मेह - आगमन

आवत - मरा हुआ

13 **मैगसैसे पुरस्कार विजेता श्रीमती डॉ.वी.शांता को अड़यार कैंसर इंस्टीट्यूट में भव्य स्वागत होने वाला है। इसकी सूचना देते हुए एक उद्घोषणा तैयार करें।** 2

14 संशोधन करें।

माली का नए बच्चे के रोने के आवाज़ आधी रात की, दुपहर में आने लगती। मिसेस बग्गा में यह बहुत बुरा लगता। 1

15 **निम्न लिखित बिंदुओं को पढ़ें। मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ.वी.शांता के अनुमोदन समारोह पर उनका भाषण तैयार करें।**

- पुरस्कार प्राप्ति में खुशी व समारोह के लिए शुक्रिया।
- चाचा सी.वी.रामन की प्रेरणा पाकर सेवा-भावना।
- सरकारी नौकरी त्यागकर कैंसर पीड़ितों की सेवा।
- जीवन-शैली का प्रभाव कैंसर पर।
- आगे की योजनाएँ। 4